अत्यावश्यक ई–मेल / फैक्स

पत्रांक–9प० / वि०–01–636 / 2024 / 1618 / पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

कृष्ण कुमार यादव,
विशेष कार्य पदाधिकारी

सेवा में,

सचिव,
समाज कल्याण विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक: 16 / 2 / 2024

विषयः– **श्री कुमार नागेन्द्र, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद् सचिवालय द्वारा पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न–1 / 206 / 56 (ऑनलाईन) का हस्तानांतरण करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक पत्र के आलोक में बिहार विधान सभा से प्राप्त श्री कुमार नागेन्द्र, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद् सचिवालय द्वारा पूछे जाने वाला तारांकित प्रश्न–1 / 206 / 56 (ऑनलाईन) विभाग को प्राप्त है।

अंकित तारांकित प्रश्न का विषय **"राज्य में चल रही कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सिर्फ गरीबी रेखा से नीचे (बी०पी०एल०) परिवार के राशन–कार्ड को आधार मानकर इस योजना का लाभ देने से संबंधित है।"** उपर्युक्त वर्णित कार्य पंचायती राज विभाग द्वारा सम्पादन नहीं किया जाता है। यह विषय समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना से संबंधित है।

अतएव तारांकित प्रश्न की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि वर्णित तारांकित प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन बिहार विधान परिषद् सचिवालय को ससमय भेजने की कृपा की जाय।

इसकी सूचना बिहार विधान परिषद् सचिवालय को भी दी जा रही है।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(कृष्ण कुमार यादव)
विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक–9प / वि०–01–636 / 2024 / 1618 / पं०रा० पटना, दिनांक 16 / 2 / 2024

प्रतिलिपिः– उप सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के तारांकित प्रश्न–1 / 206 / 56 (NEVA ऑनलाईन) के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

(कृष्ण कुमार यादव)
विशेष कार्य पदाधिकारी